पंजाब केसरी 31/07/2024

प्रतिस्पर्धा के इस युग में एम.एससी. गणित बेहतरीन विकल्प : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 30 जुलाई (बलराम): जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में एम.एससी. गणित बेहतरीन विकल्प है। वह छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में एम.एस.सी. गणित में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर रहे थे।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कालेज में पिछले 19 सालों से एम.एस.सी. गणित की पढ़ाई करवाई जा रही है और यहां से पढ़ कर निकले विद्यार्थी आज सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यही नहीं, अधिकतर विद्यार्थी तो सरकारी संस्थाओं में उच्च पदों पर आसीन हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से एम.एस.सी. गणित में दाखिले के रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी गई थी और संभावित रूप से 1 अगस्त को दाखिले की पहली सूची जारी हो जाएगी। जो भी विद्यार्थी जी.एम.एन. कालेज के गणित विषय में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, वे सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक गणित विभाग में आकर संपर्क कर सकते हैं। यदि किसी ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं भी करवाया है, वह विद्यार्थी भी ओपन काउंसलिंग से शामिल हो यहां से शिक्षा प्राप्त करने का लाभ उठा सकता है।

डा. रोहित दत्त ने बताया कि एम.एस.सी. गणित के विद्यार्थियों के लिए विभागीय पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है, जहां से वे वर्षभर के लिए विषय संबंधी पुस्तकें निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। गणित विषय में प्रयोग होने वाली कम्प्यूटर की भाषा सी एवं मेटलैब को सीखने के लिए विशेष प्रकार की लैब की सुविधा भी उपलब्ध है। होनहार विद्यार्थियों को समय-समय पर छात्रवृत्ति भी दी जाती है।